हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, शनिवार, 24 मई 2025

तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

12 वंदे भारत ट्रेन रोककर जबरन घुसने का प्रयास


12 जमीन खाली करने वाले को ही मिल रहे नोटिस


## करनाल रिंग रोड पर रास्ते की मांग को लेकर आंदोलनरत हैं किसान
# सोहाना गांव में पुलिस बल और आंदोलित किसान आमने सामने

### प्रशासन ने निर्माण कार्य रोका, सरकारी अमला वापस लौटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल



सोहाना गांव के पास करनाल रिंग रोड पर रास्ते की मांग को लेकर गत दिनों से चल रहे शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे किसान और पुलिस शुक्रवार को आमने सामने हो गये। किसानों का कहना है कि आज जिला प्रशासन ने जबरदस्ती रिंग रोड़ निर्माण कार्य शुरू करवाने की कोशिश की।

- रास्ता लेकर ही रहेंगे, चाहे इसके लिए कितनी भी बड़ी कुर्बानी क्यों न देनी पड़े : रतनमान

कई घंटे तक किसान और पुलिस के बीच तीखी नोक झोंक परंतु किसान अडिग रहे। अंततः प्रशासन को निर्माण कार्य रोकना पड़ा और सरकारी अमला वापिस लौट गया। शुक्रवार को अचानक करीब 11 बजे जेसीबी मशीन के साथ पुलिस बल के साथ निर्माण कार्य को शुरू करवाने के लिए आंदोलन स्थल पर पहुंच गए।

सरकारी अमले में करफी संख्या में महिला पुलिस भी शामिल थी। जैसे ही सरकारी अमले ने जब्री तौर पर निर्माण कार्य को शुरू करवाया गया तो ग्रामीण विरोध पर उतर आए। इस बीच पुलिस व किसानों के बीच धक्का मुक्की भी हुई। लेकिन मौके से किसान व ग्रामीण अड़े रहे। प्रशासन किसानों के विरोध के दौरान निर्माण कार्य शुरू नही करवा सका। इस बीच भाकियू के प्रदेशाध्यक्ष रतनमान भी मौके पर पहुंच का चल रहे विरोध में शामिल हो गए।

प्रदेशाध्यक्ष रतनमान के पहुंचने पर जोश स्वरूप आंदोलनकारी ग्रामीणों ने भाकियू जिंदाबाद के नारे लगाए। अधिकारियों व भाकियू पदाधिकारियों के बीच वार्ता का दौर शुरू हो गया। तय हुआ कि जल्द ही जिला प्रशासन, निर्माण कंपनी व भाकियू की बैठक करके इस मामले हल निकाला जाएगा। तब जाकर पूरा मामला शांत हो गया। भाकियू के प्रदेश अध्यक्ष रतन मान ने कहा कि जब तक हमारी मांगें नहीं मानी जातीं तब तक आंदोलन जारी रहेगा। रास्ता लेकर ही रहेंगे। चाहे इसके लिए कितनी भी बड़ी कुर्बानी क्यों न देनी पड़े। यह आंदोलन किसानों के हक़ और ज़मीन से जुड़ी अस्मिता की लड़ाई है। अंत में निर्णय हुआ है कि सडक़ बनाने वाली कंपनी भारतीय किसान यूनियन व जिला प्रशासन के बीच बैठकर वार्ता की जाएगी और हल निकाला जाएगा।

#### भाकियू देगी साथ

उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि रास्ते की मांग पूरी होंने तक भाकियू का एक एक कार्यकर्ता आंदोलनकारी ग्रामीणों के साथ कंधा से कंधा मिला कर मजबूती के साथ खड़ा है। हरियाणा सरकार द्बारा जब तक करनाल रिंग रोड़ पर रास्ते को बनाया नहीं जाता तब तक हर हाल में भाकियू के बैनर तले आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि धरने को लेकर भाकियू कार्यकर्ताओं के हौसले बुलंद है। एक एक भाकियू कार्यकर्ता मजबूती के साथ इस आंदोलन के प्रति समर्पित है।

#### ये रहे मौजूद

धरने की अध्यक्षता जिला प्रधान सुींद्र सिंह घुम्मन ने की। इस अवसर पर सुरेंद्र सागवान, महताब कादियान, विनोद राणा, धनेत्तर राणा, डा. सत्यवीर तौमर, शाम सिंह मान, बबलू सोहाना, सुरज लाठर सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### नशा तस्कर को दो साल की कैद,10 हजार जुर्माना

**पानीपत।** एनडीपीएस फास्ट ट्रैक कोर्ट के स्पेशल जज योगेश चौधरी ने आरोपी सुमेर को दोषी करार देते हुए दो साल के कारावास की सजा सुनाई। वहीं सुमेर पर दस हजार रूपये जुर्माना किया। जुर्माना नहीं देने पर सुमेर को छह माह का अतिरिक्त कारावास भोगना होगा। स्मरणीय है कि एएसआई महावीर की टीम ने गांव मेहमदपुर में फिरनी के पास सुमेर को मोटर साइकिल नंबर एचआर 06एजी 7117 और 112 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया था। आरोपी पर 20 एनडीपीएस एक्ट का केस दर्ज किया गया था। वहीं सुमेर के खिलाफ 10 गवाहों ने गवाही हुई।

### अंतरराज्यीय वाहन चोर पकड़े, रिमांड पर लिए

**पानीपत।** एंटी व्हीकल थेप्ट पुलिस टीम ने अंतरराज्यीय कार चोर गिरोह के दो आरोपियों गुरशरण प्रीत पुत्र चरणजीत निवासी बाजाखाना फरीदकोट व मनिंदर पुत्र रेशम सिंह निवासी जयमल सिंहवाला बरनाला, पंजाब को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने 14 मई की रात समालखा में हथवाला रोड पर ऑफिस के बाहर खड़ी एक होंडा सिटी कार चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी गुरशरण प्रीत पर पंजाब में कार चोरी के दो केस दर्ज दर्ज है। वहीं पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश कर दो दिन के रिमांड पर लिया है।

### यूनिवर्सिटी मॉडल स्कूल में लगेगा डिजिटल समर कैंप

**थानेसर।** हरियाणा नॉलेज कारपोरेशन लिमिटेड के सहयोग से कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए पहली बार डिजिटल समर कैम्प का आयोजन किया जाएगा। प्रधानाचार्य डॉ. सुखविंदर सिंह ने बताया कि ग्रीष्मावकाश के दौरान छात्रों के रचनात्मक कौशल को बढ़ाने के लिए डिजीटल समर कैम्प के आयोजन का निर्णय लिया गया है।

### अधिकारिता मंत्री कृष्ण बेदी आज नरवाना में

**नरवाना।** हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी आगामी 24 व 25 मई को विधानसभा हलका के विभिन्न कार्यक्रमो में शिरकत करेंगे। प्राप्त दौरा कार्यक्रम के अनुसार कैबिनेट मंत्री बेदी 24 मई को सायं 6 बजे बजे प्रेमनगर निवासियों के कार्यक्रम में शिरकत करेंगे।

## ब्लाइंड मर्डर की गुत्थी सुलझी
# भतीजे ने कर्ज उतारने के लिए की थी ताई की हत्या

- भतीजे की बाइक पर पीर की चौकी में गई थी बुजुर्ग महिला
- कानों की बालियां व पैसे देकर आरोपी की हो गई नीयत खराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला



**अंबाला।** हत्या के मामले में पकड़ा गया आरोपी अभिमन्यू।

पुलिस ने बुजुर्ग महिला की हत्या की गुत्थी को सुलझा लिया है। इस ब्लाइंड मर्डर की पुलिस कई दिन से जांच कर रही थी। जांच के दौरान ही पुलिस ने दुखेड़ी के अभिमन्यू उर्फ चिंटू को काबू किया है। आरोपी ने 16 मई 2025 को बुजुर्ग महिला की निर्मम हत्या की थी।

एसएचओ साहा एसआई कर्मवीर सिंह ने बताया कि आरोपी अभिमन्यु मृतक महिला का भतीजा है। 15 मई को महिला अपने घर से संभालखा गांव में बाबा जाहर पीर की चौकी के लिए भतीजे अभिमन्यु के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर गई थी। इसके बाद वह वापिस घर नहीं आई तो परिवार ने उसकी तलाश शुरू की थी। 16 मई रात को परिजनों को पता चला कि चुड़यिाली गांव की पंचायती जमीन में खड़े पेड़-पौधों में एक महिला की लाश पड़ी हुई है। मौके पर पहुंच परिजनों ने महिला की पहचान उसके कपडों से की थी। सूचना के बाद साहा पुलिस के साथ फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंच गई थी। जांच के दौरान पुलिस को अभिमन्यु पर शक हुआ जिसके बाद साइबर विशेषज्ञों से सहायता ली।

#### पूछताछ में खुला राज

पुख्ता सबूतों के आधार पर आरोपी अभिमन्यू से सख्ती से पूछताछ की तो उसने हत्या का राज खोल दिया। आरोपी ने बताया कि वह अपनी ताई को मोटरसाईकिल पर गांव चुड़यिाली की तरफ लेकर आया था। ताई के कानों में डली बालियां देखकर उसकी मंशा खराब हो गई। अभिमन्यू सोने की बालियों व पैसों से अपना कर्ज उतारना चाहता था। इसलिए उसने पैसों व जेवरात के लालच में आकर उसने अपनी ताई की पत्थर तथा चाकू से हमला कर हत्या कर दी। पुलिस ने अब हत्या के सबूत जुटाने के लिए आरोपी को तीन दिन के रिमांड पर लिया है।

# पिकअप की टक्कर से बाइक सवार की मौत

### लाल छप्पर घाट के पास हादसा, पिकअप चालक पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

जठलाना क्षेत्र के लाल छप्पर घाट के पास पिकअप की टक्कर लगने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात पिकअप चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार गांव कंड्रौली निवासी श्रवण कुमार ने जठलाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका भतीजा 37 वर्षीय प्रदीप कुमार 21 मई को बाइक पर किसी काम से बाहर गया था। रात आठ बजे जब प्रदीप वापस घर लौट रहा था तो लाल छप्पर घाट के पास तेज गति से आ रही पिकअप ने उसके भतीजे की बाइक को टक्कर मार दी। जिससे उसका भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गया।

#### आरोपी चालक फरार

हादसे के बाद आरोपी पिकअप चालक मौके से फरार हो गया। लोगों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल प्रदीप को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात पिकअप चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# तरावड़ी : किले के सौंदर्यीकरण का कार्य उद्घाटन से पहले ही बंद

- हिन्दू सम्राट पृथ्वीराज चौहान के किले का मामला
- राजनीति के चलते रोका गया है सौंदर्यीकरण कार्य : वार्ड पार्षद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तरावड़ी





**तरावड़ी।** ठेकेदार के कर्मी गेट से पैड उतारते हुए व किले के मुख्य गेट पर शिलान्यास का पत्थर लगा हुआ।

तरावड़ी में स्थित ऐतिहासिक हिन्दू सम्राट पृथ्वीराज चौहान के किले का सौंदर्यीकरण कार्य का उद्घाटन करने से पहले बंद कर दिया गया है। गौरतलब है इस किले के गेट का सौंदर्यीकरण नगरपालिका की हाउस की बैठक में 24 लाख रूपये प्रस्तावित किये गये थे।

ठेकेदार ने काम शुरू करने के लिये किले गेट पर पैड भी बांध दिये थे। कार्य करने का शिलान्यास का पत्थर भी लगा दिया था। करीब सात दिन पैड बांधने का कार्य चला। लेकिन दो दिन पहले पृथ्वी राज चौहान के किले के सौंदर्यकरण के लिए लगाई गई शटरिंग आज बिना काम किए ही उतार दी गई। इस तरह किले के गेट का सौंदर्यकरण का सपना दिखाकर फिर तोडऩे के चलते काटजू नगर के लोगों में भारी रोष है। इस मामले में वार्ड पार्षद का कहना है कि इस काम को राजनीति के चलते रोका गया है और नगरपालिका आधिकारियों का कहना है कि आगामी बरसात के सीजन के कारण काम को स्थगित किया गया है। काटजू नगर निवासी अजय कुमार, कृष्ण चंद, सुनील कुमार, देवेंद्र वर्मा व सुरेश कुमार का कहना है कि इस ऐतिहासिक किले का मुख्य द्वार जर्जर हालत में है और किसी भी कोई बड़ी दुर्घटना होने का खतरा बना हुआ है। इन लोगों का कहना है कि पहले भी कई बार छत के छोटे हिस्से का प्लास्टर टूट का नीचे गिर चुका है। इन लोगों का कहना है कि काटजू नगर के लोग लम्बे समय से इस गेट के सौंदर्यकरण व रिपेयर की मांग कर रहे थे। जिसके चलते दो साल पहले नगरपालिका पार्षदों की बैठक में इसकी रिपेयर व सौंदर्यकरण के लिए प्रस्ताव पारित किया गया। जिला अधिकारियों से मिली अनुमति के बाद इसके सौंदर्यकरण के लिए नगरपालिका की ओर से साढे 24 लाख रुपये का बजट बनाया गया और काम के लिए कम्पनी को टेंडर भी दिया गया। कम्पनी दो माह पहले आकर काम शुरू करने के लिए शटरिंग लगा दी, लेकिन काम शुरू नही हो सका जिसका कारण पत्ता नही चला। गुरुवार को अचानक ठेकेदार के लोगों ने आकर शटरिंग उतार दी और वापिस ले गए। शटरिंग उतरने के बाद काटजू नगर के लोगों में रोष है तो वहां के पार्षद हरीश मदान का कहना है कि काम को राजनीति द्वेष के लिए बंद करवाया गया है, लेकिन इस फैसले पूरे वार्ड के लोग प्रभावित हुए है। उन्होंने बताया कि वह जल्द ही तथ्यों के साथ मामले का खुलासा करेंगे।

#### नपा सचिव बोले

इस बारे में नगरपालिका सचिव अजीत कुमार का कहना है कि आगामी बरसाती सीजन को देखते हुए काम बंद किया गया है। बरसात के सीजन के बाद काम शुरू करवाया जाएगा और काम को ओर बेहतर तरीके से और प्लान के साथ कार्य को शुरू करवाएंगे।

## राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने सौंपा मांग पत्र

**कुरुक्षेत्र।** राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ बाबैन ने प्रधान राजबीर सिंह के नेतृत्व में खंड शिक्षा अधिकारी ज्ञान चंद ेबाबैन खंड का चार्ज मिलने पर बधाई दी।

इस अवसर पर संघ ने शिक्षकों की विभिन्न मांगों को लेकर एक मांग पत्र भी सौंपा। मांग की गई कि 2017 बैच के जेबीटी शिक्षकों को नोशनल लाभ प्रदान कर वेतन निर्धारण किया जाए, और जिन शिक्षकों का वेतन निर्धारण हो चुका है, उनके लिए बजट की व्यवस्था की जाए। मिड डे मील योजना के अंतर्गत आटे की आपूर्ति जुलाई माह से 15-15 दिन के अंतराल पर सुनिश्चित की जाए, ताकि बच्चों को पोषण युक्त भोजन समय पर मिल सके। शिक्षकों के लंबित लाभों का समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जाए, जिनमें मेडिकल बिल, जीपीएफ, एलटीसी, एसीपी आदि शामिल हैं। बीड़ सुजरा के अंतर्गत आने वाले स्कूलों के शिक्षकों का वेतन निकलवाने का कार्य समय से सुनिश्चित किया जाए।



# कुवि ने घोषित किए 16 परीक्षाओं के परिणाम

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में परीक्षा शाखा द्वारा 16 परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए गए हैं। परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि दिसम्बर 2024 में आयोजित बीएससी (ऑनर्स) रसायन विज्ञान 5वां सेमेस्टर, बी.एस.सी. बायो-केमिस्ट्री में मेजर 5वां सेमेस्टर, बी.एस.सी. फिजिक्स में मेजर 5वां सेमेस्टर, बी.एस.सी. गणित में मेजर 5वां सेमेस्टर, बी.एस.सी. कंप्यूटर साइंस में मेजर 5वां सेमेस्टर, बी.एस.सी. होम साइंस प्रथम सेमेस्टर (फ्रेश) एनईपी, बी.टेक (इलेक्ट्रिकल और इंस्ट्रूमेंटेशन इंजीनियरिंग) तृतीय सेमेस्टर, बी.एस.सी. (होम साइंस) प्रथम सेमेस्टर (रि-अपीयर) सीबीसीएस, बी.टेक. 5वाँ सेमेस्टर, एम.कॉम प्रथम सेमेस्टर (एनईपी), एमबीए 5 वर्ष तीसरा सेमेस्टर (एनईपी), बी.टेक. (इलेक्ट्रिकल और इंस्ट्रुमेंटेशन इंजीनियरिंग) 5वां 6वां और 7वां सेमेस्टर,. बी.एससी. फैशन डिजाइनिंग में प्रथम सेमेस्टर (फ्रेश$री) आईयूएमएस (एनईपी), एम.ए. (पॉलिटिकल साइंस) प्रथम सेमेस्टर नॉन-सीबीसीएस (री-अपीयर) तथा एम.ए. (पॉलिटिकल साइंस) प्रथम सेमेस्टर (री-अपीयर) आईयूएमएस परीक्षाओं परिणाम घोषित किए हैं।

## विकास कार्यों को लेकर नगर निगम के अधिकारियों की बैठक का आयोजन
# यमुना नहर किनारे रिवर फ्रंट बनाना ड्रीम प्रोजेक्ट: अरोड़ा

- विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने मुख्यातिथि के रूप में लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



**यमुनानगर।** अधिकारियों की बैठक लेते विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ।

शहर के विकास कार्यों को लेकर नगर निगम के अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्यातिथि के रुप में सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने भाग लिया। मौके पर नगर निगम की मेयर सुमन बहमनी व निगमायुक्त अखिल पिलानी भी मौजूद रहे।

बैठक में शहर के हमीदा हैड के पास नौ एकड़ में पार्क बनवाने, पश्चिमी यमुना नहर किनारे रिवर फ्रंट बनाने, बाढ़ी माजरा में आईपीएस व सीवरेज कनेक्शन करवाने, भगवानगढ़ में बैडमिंटन हॉल बनाने समेत विभिन्न विकास कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई।

मुख्यातिथि एवं सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि शहर के किनारे बह रही पश्चिमी यमुना नहर किनारे रिवर फ्रंट बनाना और हमीदा हैड के पास पार्क बनाना उनका ड्रीम प्रोजेक्ट है। ये दोनों प्रोजेक्ट बनने से हमारा शहर पर्यटन क्षेत्र में उभरकर सामने आएगा। हमारा मुख्य लक्ष्य अपने शहर को प्रदेश का सबसे सुंदर व स्वच्छ शहर बनाना है। इस लक्ष्य को पूरा करने में सभी अधिकारी आपस में तालमेल बनाकर और दृढ़ संकल्पित होकर कार्य करें। मौके पर नगर निगम आयुक्त अखिल पिलानी ने बताया कि हमीदा हैड के पास दलदल पड़ी जमीन में लगभग नौ एकड़ में भव्य पार्क विकसित किया जाना है।

करीब छह करोड़ 13 लाख रुपये की लागत से बनने वाले इस पार्क को प्रशासकीय स्वीकृति मिल चुकी है। तकनीकी स्वीकृति के लिए फाइल भेजी गई है। स्वीकृति मिलते ही टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। जिसके बाद पार्क निर्माण का कार्य शुरू किया जाएगा। इसी तरह पुराना सहारनपुर रोड के फतेहपुर पुल से लेकर बाड़ी माजरा पुल तक पश्चिमी यमुना नहर के किनारे रिवर वाटर फ्रंट बनाने के प्रोजेक्ट को भी प्रशासकीय स्वीकृति निदेशालय द्वारा दे दी गई है। इस कार्य की फाइल भी तकनीकी स्वीकृति के लिए प्रक्रिया में है।

प्रोजेक्ट के तहत लगभग 600 मिलीमीटर चौड़ा लैंडस्केप एरिया होगा। जिसमें दो हजार मिमी चौड़ा फुटपाथए निकासी के लिए नाली, 1050 मिमी ऊंची पत्थर की दीवार पर 1200 मिमी ऊंची बाड़ लगाने वाली जाली लगेगी। इसके अलावा चौड़ी सड़क व फुटपाथ के साथ फेंसिंग, उद्यान, बैठने के लिए सुंदर व आकर्षक डिजाइन के बैंच, फैंसी लाइटिंग, हरियाली व अन्य व्यवस्थाएं की जाएंगी। नहर किनारे रिवर वाटर फ्रंट विकसित होने से शहर को एक नया रूप मिलेगा और लोगों को नहर के किनारे आनंद लेने का मौका मिलेगा। बैठक में शहर के कई अहम मुद्दों व विकास कार्यों पर भी चर्चा की गई।

#### ये रहे मौजूद

बैठक अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार, उप निगम आयुक्त कुलदीप सिंह, पार्षद विभोर पाहुजा, एक्सईन मनोज कुमार, जन स्वास्थ्य विभाग के एक्सईएन दिनेश गाबा, निगम अभियंता मुनेश्वर भारद्वाज, दीपक सुखीजा व राजेश शर्मा आदि मौजूद थे।

# विदेश भेजने के नाम पर युवक से हड़पे 16.75 लाख

- पुलिस ने दंपत्ति समेत चार आरोपियों के खिलाफ किया धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

विदेश भेजने के नाम पर गांव खेड़ी रांगड़ान निवासी कर्मवीर सिंह से 16 लाख 75 हजार रुपये हड़प लिए गए। आरोप राकेश रिखी, उसकी पत्नी प्रभा रिखी, सिमरनजीत सिंह व मोहित शर्मा पर लगा है। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

गांव खेड़ी रांगड़ान निवासी कर्मवीर सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 2023 में रोजगार के लिए विदेश जाना चाहता था। इस दौरान उसकी मुलाकात राकेश रिखी, उसकी पत्नी प्रभा रिखी, सिमरनजीत सिंह व मोहित शर्मा के साथ हुई। आरोपियों ने उसे कहा कि वह युवाओं को विदेश भेजने का काम करते हैं। वह उसे भी रोजगार के लिए विदेश भेज देंगे। इसके लिए करीब 17 लाख रुपये का खर्च आएगा। वह आरोपियों की बातों में आ गया। उसने आरोपियों पर विश्वास करके जुलाई 2023 से अक्तूबर 2023 के बीच आरोपियों को अलग-अलग करके 16 लाख 75 हजार रुपये और अपने सभी दस्तावेज दे दिए। आरोपियों ने उसे जल्द विदेश भेजने का आश्वासन दिया। मगर काफी दिन बीत जाने के बाद भी आरोपियों ने उसे विदेश नहीं भेजा। जब उसने आरोपियों से बात की तो उन्होंने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया।

# काम की रोज देनी होगी रिपोर्ट, गाद 24 घंटे के अंदर उठानी होगी

*अतिरिक्त निगम आयुक्त व सीएसआई ने रामनगर के नाले व शहर के अन्य स्थानों पर किया सफाई का निरीक्षण*

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

मानसून को लेकर शहर में बरसाती पानी की निकासी को लेकर की जा रही तैयारियों का शुक्रवार को अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार ने मुख्य सफाई निरीक्षक हरजीत सिंह के साथ निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नालों की सफाई के ठेकेदार को नालों की सफाई के कार्य में तेजी लाने, रोजाना की जा रही सफाई की रिपोर्ट देने और कर्मचारियों व संसाधनों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए।

शुक्रवार को अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार ने मेयर सुमन बहमनी व निगम आयुक्त अखिल पिलानी के निर्देशों पर सबसे पहले वर्कशॉप रोड पर रामनगर के नाले पर पहुंचे। यहां ठेकेदार के कुछ कर्मचारी सफाई करने में लगे हुए थे। अतिरिक्त निगमायुक्त धीरज कुमार ने नाले की सफाई की गहनता से जांच की। उन्होंने ठेकेदार को गहराई तक नाले की पूरी सफाई कराने के निर्देश दिए। साथ ही नाले से निकली गंदगी का भी अगले दिन उठान करने को कहा।

यहां से अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार बाईपास पुलिया पर पहुंचे और सफाई कार्य का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने डिचड्रेन के पुराना हमीदा स्थित गेट व जम्मू कॉलोनी स्थित एसटीपी का जायजा लिया। उन्होंने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को अधिक बारिश आने पर डिचड्रेन का गेट तुरंत खोलने के निर्देश दिए। वहीं, संबंधित ठेकेदार को डिचड्रेन की सफाई करने के निर्देश दिए। अतिरिक्त निगमायुक्त धीरज कुमार ने एसटीपी की सभी मशीनों की जांच की।

## बरसाती पानी की निकासी की तैयारियों में लाएं तेजी : धीरज कुमार



शहर में नाले की सफाई कार्य का निरीक्षण करते हुए अतिरिक्त निगमायुक्त।

- सिंचाई विभाग को बरिश आने पर डिचड्रेन का गेट तुरंत खोलने के दिए निर्देश।
- डिचड्रेन के पुराना हमीदा स्थित गेट व जम्मू कॉलोनी स्थित एसटीपी का जायजा लिया।

### अधिकारी एसटीपी को रखें सुचारू

अधिकारियों को निर्देश दिए कि एसटीपी की सभी मशीनरी को सुचारू रूप से चलाए। उन्होंने सफाई ठेकेदार को निर्देश दिए कि रोजाना नालों की सफाई के कार्य की रिपोर्ट निगम कार्यालय में भेजे। रिपोर्ट में कितने किलोमीटर नालों की सफाई की गई और कहां सफाई की गई। कितने सफाई कर्मचारियों ने कार्य किया और कितने संसाधन इस्तेमाल किए गए। नालों की सफाई करने से पहले और बाद की फोटो भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने सफाई कार्य में लापरवाही बरतने पर कार्रवाई करने की चेतावनी दी।

## खबर संक्षेप

### घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़ करने का आरोप

**यमुनानगर।** बिलासपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में व्यक्ति ने घर में घुसकर महिला के साथ छेड़छाड़ की। विरोध करने पर महिला के साथ मारपीट करने का भी आरोप है। पुलिस ने आरोपी व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। बिलासपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 24 वर्षीय महिला ने बताया कि 22 मई को उसके परिवार के सदस्य किसी काम से बाहर गए थे। घर पर वह अकेली थी। दोपहर करीब एक बजे उनके गांव का ही बालक राम उनके घर आया व उसके साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपी ने उसके साथ मारपीट की। शोर मचाने पर आरोपी धमकी देते हुए फरार हो गया।

### शादी का झांसा देकर युवती अगवा, समुदाय विशेष के युवक पर आरोप

यमुनानगर। शहर के पुराना हमीदा निवासी महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 12 अप्रैल को उसकी लड़की किसी काम से घर से बाहर गई थी। मगर उसके बाद वापस नहीं लौटी। काफी तलाश करने के बाद भी उसका कुछ भी पता नहीं चला। इस दौरान उन्हें पता चला कि उसकी लड़की को समुदाय विशेष का युवक अब्दुल कादिर शादी का झांसा देकर अगवा करके ले गया है। उसने आरोपी युवक के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। समाचार लिखे जाने तक आरोपी की गिरफ्तारी की सूचना नहीं है।

### बिलासपुर क्षेत्र में 25 एकड़ में विकसित की जा रही थी कॉलोनी

# अनाधिकृत कॉलोनी में एक दुकान कच्ची सड़कें और डीपीसी को तोड़ा

*अनाधिकृत कॉलोनी में निर्माणों पर चला नगर योजनाकार का पीला पंजा ड्यूटी मजिस्ट्रेट व पुलिस मौके पर रही तैनात*



**यमुनानगर।** व्यासपुर में अनाधिकृत कॉलोनी में चलता विभाग का पीला पंजा।



रादौर के मुकंदलाल कॉलेज में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में जानकारी देते विशेषज्ञ।

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

जिला नगर योजनाकार विभाग द्वारा बिलासपुर के कंट्रोल एरिया में विकसित की जा रही दो अनाधिकृत कॉलोनियों में किए गए अवैध निर्माण कार्य को जेसीबी मशीन की मदद से ढ़हा दिया। जिला नगर योजनाकार राजेश कुमार ने जिलेवासियों से अनाधिकृत कॉलोनियों में अपनी मेहनत की कमाई को निवेश करके व्यर्थ नहीं करने के लिए आहवान किया।

नगर योजनाकार राजेश कुमार ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि बिलासपुर के कंट्रोल एरिया में पड़ने वाले राजस्व संपदा मौजा व्यासपुर में दो अनाधिकृत कॉलोनियों में निर्माण कार्य करके उन्हें विकसित किया जा रहा है। सूचना मिलते ही उन्होंने मामले के बारे में उच्चाधिकारियों को अवगत करवाया गया। इसके बाद जिला उपायुक्त पार्थ गुप्ता के आदेशानुसार अनाधिकृत कॉलोनियों में किए जा रहे निर्माण कार्य को ध्वस्त करने की कार्रवाई की गई। इस कारवाई के दौरान व्यासपुर के नायब तहसीलदार ड्यूटी मैजिस्ट्रेट के रुप में नियुक्त किए गए। जिसके बाद पुलिस बल के साथ जिला नगर योजनाकार विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर अनाधिकृत कॉलोनियों में किए जा रहे निर्माण कार्य, डीपीसी, कच्ची सड़कों व एक दुकान को जेसीबी की मशीन की मदद के तोड़ा गया। उन्होंने बताया कि दोनों अनाधिकृत कॉलोनियों को 25 एकड़ भूमि में विकसित किया जा रहा था।

### डीटीपी ने पहले दिए थे नोटिस

जिला नगर योजनाकार राजेश कुमार ने बताया कि अनाधिकृत कॉलोनियों में कार्रवाई से पहले चूककर्ताओं को कन्ट्रोल एरिया एक्ट नंबर 12 की उपधारा 2 ऑफ 1963 के तहत नियमानुसार नोटिस जारी किए गए थे। मगर चूककर्ताओं द्वारा विभागीय आदेशों की पालना नहीं की गई और भू मालिकों आदि द्वारा निर्माण कार्य शुरु कर दिया गया। उन्होंने बताया कि विभाग से निर्माण कार्य का अनुमति नहीं लिए जाने के कारण अवैध कॉलोनियों में किए गए निर्माण कार्य को ढ़हा दिया गया। जिला नगर योजनाकार अधिकारी ने जिलावासियों से किसी भी अवैध कॉलोनी में कोई भी प्लाट आदि की खरीद फरोख्त न करने की अपील की गई। उन्होंने चेताया कि यदि इसके बावजूद कोई भी व्यक्ति अवैध कॉलोनी में निर्माण कार्य करता हुआ पाया गया तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### आपातकाल में सुरक्षा के दिए टिप्स

**रादौर।** मुकंदलाल नेशनल कॉलेज में शुक्रवार को विद्यार्थियों के लिए सिविल डिफेंस प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कॉलेज के अधिकतर बच्चों ने अपना पंजीकरण करवाया था। कंपनी कमांडर अमरजीत सिंह ने अपनी समस्त टीम व सुरक्षा का साजो सामान के साथ सभी बच्चों को विस्तारपूर्वक प्रशिक्षण दिया। डिजास्टर मैनेजमेंट, युद्ध, बाढ़ व अग्नि आदि विभिन्न आपदाओं में जनहानि को किस प्रकार सुरक्षित स्थान पर पहुंचा सकते हैं, का प्रशिक्षण दिया। छात्र-छात्राओं ने जनहानि को सुरक्षा प्रदान करने का अभ्यास भी किया। विद्यार्थियों ने स्ट्रेचर का सही इस्तेमाल, सायरन की आवाज का सही अर्थ, अग्निशमन की सही प्रक्रिया, मौके पर मौजूद वस्तुओं जैसे रस्सी कपड़ा इत्यादि का सही इस्तेमाल का अभ्यास किया। प्राचार्या डॉ.माला शर्मा ने कहा कि आज के युग में जहां युद्ध, भूकंप आदि आपदाओं की संभावना ज्यादा है, वहां इस प्रकार का प्रशिक्षण बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है। इसलिए विद्यार्थियों को इस प्रकार का व्यावहारिक ज्ञान देना बहुत आवश्यक है। इस प्रकार के व्यावहारिक प्रशिक्षण से विद्यार्थियों में समाज के प्रति कर्तव्य एवं सुरक्षा के एहसास की भावना पैदा होती है। मौके पर डॉ.महेंद्र सिंह, प्रो.नीतू कांबोज इत्यादि मौजूद रहे।



**यमुनानगर।** न्यू हैप्पी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सिंदूर आपरेशन की सफलता पर सैनिकों के सम्मान में आयोजित रंगोली प्रतियोगिता में भाग लेते बच्चे।

## आपरेशन सिंदूर की सफलता से विश्व में भारत का बढ़ा गौरव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

- न्यू हैप्पी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बच्चों ने रंगोली बनाकर प्रस्तुत की देश की वीरता की झलक

न्यू हैप्पी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शुक्रवार को आपरेशन सिंदूर की सफलता पर सैनिकों के सम्मान में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में नौवीं कक्षा से 12वीं कक्षा तक के बच्चों ने आकर्षक रंगों से रंगोली सजाकर भारतीय सेना की वीरता की झलक प्रस्तुत की।

स्कूल प्रबंधक समिति के चेयरमैन जीएस शर्मा ने बच्चों द्वारा बनाई गई रंगोली का अवलोकन किया। उन्होंने बच्चों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि रंगोली के माध्यम से बच्चों ने देश के सैनिकों की वीरता की झलक प्रस्तुत की है। चेयरमैन जीएस शर्मा ने कहा कि सिंदूर आपरेशन में भारतीय सेना ने विश्व भर में देश का गौरव बढ़ाया है। आज भारत नया भारत है, जो हर क्षेत्र में नए नए आयाम छू रहा है।

### सेना का बढ़ा सम्मान

भारतीय सेना ने सिंदूर आपरेशन के माध्यम से विश्व को अपनी ताकत दिखाकर देश का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि हमें देश की सेना पर गर्व है। शर्मा ने कहा कि यह हमारे देश के सैनिकों का पराक्रम ही है जो बच्चों की रंगोली में भी उजागर हो रहा है।

### कल का भविष्य हैं बच्चे

आज के बच्चे कल का भविष्य हैं। इसलिए स्कूल स्तर पर ऐसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाना भी जरूरी है। ताकि वे अपने देश व समाज की हर परिस्थिति से जुड़े रहें तथा जागरूक बनें। क्योंकि यदि आज बच्चे जागरूक रहेंगे तो कोई भी दुश्मन हमारे देश की एकता व अखंडता को भंग नहीं कर सकेगा। स्कूल प्राचार्या कमलेश सिक्का ने विद्यार्थियों द्वारा रंगोली के माध्यम से दशाई गई देश भक्ति की प्रशंसा की और उन्हें बधाई दी।

### शादी का झांसा देकर युवती अगवा, केस

**यमुनानगर।** बिलासपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने बताया कि 21 मई को वह परिवार के साथ किसी काम से बाहर गया था। घर पर उसकी 19 वर्षीय लड़की अकेली थी। जब वह वापस लौटे तो घर पर उन्हें लड़की नहीं मिली। काफी तलाश करने के बाद भी उसका कुछ भी पता नहीं चला। जांच करने पर उन्हें पता चला कि उसकी लड़की को गांव महमदपुर निवासी शुभम शादी का झांसा देकर अगवा करके ले गया है। उसने आरोपी युवक के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। समाचार लिखे जाने तक आरोपी की गिरफ्तारी की कोई सूचना नहीं।



### गुरनाम सैनी बने चौथी बार कुरूक्षेत्र सैनी सभा के अध्यक्ष

**रादौर।** कुरुक्षेत्र सैनी सभा की ओर से गुरनाम सिंह सैनी को लगातार चौथी बार सभा का अध्यक्ष निर्वाचित किया गया है। नवनिर्वाचित अध्यक्ष गुरनाम सिंह सैनी को सैनी समाज रादौर के प्रधान संदीप सैनी के नेतृत्व में समाज के लोगों ने पुष्प गुच्छ भेंटकर कर सम्मानित किया। प्रधान संदीप सैनी ने बताया कि गुरनाम सिंह सैनी को कुरुक्षेत्र अध्यक्ष बनने से लोग खुश हैं तथा वे समाज के कल्याण के लिए लगातार प्रयासरत रहे हैं। उनके उत्कृष्ट कार्यकाल को देखते हुए उनको लगातार चौथी बार सभा का अध्यक्ष बनाया गया है। सभा के अध्यक्ष गुरनाम सिंह सैनी ने समाज के लोगों का हार्दिक आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि उनका प्रयास समाज के लोगों के कल्याण के लिए कार्य करना है। उन्होंने सभी से अपील की कि सभी अपनी बेटियों को शिक्षा व खेलों के क्षेत्र में आगे बढ़ाएं, जिससे वह समाज व देश का नाम रोशन कर सके। इस मौके पर पदम सिंह सैनी, सतीश सैनी, नमन, जगन चौहान, विक्रम सैनी, प्रेम सैनी आदि मौजूद रहे।

### रंजिश के चलते युवक पर चाकू से हमला कर किया घायल

**यमुनानगर।** शहर की शिवपुरी बी कॉलोनी में पानी की टंकी के पास रंजिश के चलते आधा दर्जन से अधिक युवकों ने चाकू से हमला कर सरोजनी कॉलोनी निवासी हर्ष को घायल कर दिया। घायल का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने दो आरोपियों को नामजद कर आधा दर्जन अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। हर्ष ने बताया कि उसका कुछ दिन पहले चिराग वालिया व कंवलजीत सिंह के साथ कहासुनी हो गई थी। जिसे समझाबुझाकर शांत करवा दिया था। 19 मई को रात आठ बजे वह शहर की शिवपुरी बी कॉलोनी में किसी काम से गया था। पानी की टंकी के पास चिराग वालिया व कंवलजीत सिंह ने अपने आधा दर्जन अन्य साथियों के साथ मिलकर उसे पकड़ लिया। उस पर चाकू व अन्य तेजधार हथियारों से हमला कर दिया। शोर सुनकर जब आसपास के लोग इकट्ठे हुए तो आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। घायल अवस्था में उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

- 19 मई की रात वारदता को दिया अंजाम



### विद्यार्थी गीता के उपदेशों को जीवन में उतार भविष्य को उज्जवल बनाएं : दास

**रादौर।** शारदा गुरुकुल कलेसरा में गुरुकुल के विद्यार्थियों का ज्ञानवर्धन करने के लिए श्रीमद्भागवत गीता कथा का आयोजन किया गया। कथा में इस्कॉन मंदिर के गीता विशेषज्ञ आनंदनिधि दास ने गुरुकुल के छठी से दसवीं तक के विद्यार्थियों को श्रीमद्भागवत गीता कथा के महत्व से अवगत करवया। उन्होंने फरमाया कि विद्यार्थी किस प्रकार से गीता के उपदेशों को अपने जीवन में उतार कर अपने भविष्य को उज्जवल बना सकते हैं। गीता के सिद्धांत हर क्षेत्र में सार्थक है। छात्र जीवन में भी गीता के सिद्धांत विद्यार्थियों को कर्त्तव्य कर्म करने के लिए प्रेरित करते हैं। गीता विद्यार्थियों को ईमानदारी, निष्पक्षता, सेवा, दया व कर्तव्य पालन जैसे जीवन मूल्यों को सिखाती है। जिससे वे नैतिक व जिम्मेदार नागरिक बन सकें। गीता विद्यार्थियों को मानसिक तनाव से निपटने और जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने में मदद करती है। प्रधान सुशील जोगी ने कहा कि गीता का ज्ञान सार्वभौमिक है। उन्होंने कहा कि शारदा गुरुकुल कलेसरा में विद्यार्थियों को गीता का स्वाध्याय नियमित रूप करवाया जाएगा।

### बच्चों ने ली सड़क सुरक्षा की ली शपथ

**रादौर।** लाइक पब्लिक स्कूल रादौर में शुक्रवार को सड़क सुरक्षा विषय पर जागरूकता कार्यक्रम हुआ। जिसमें विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा से संबंधित आवश्यक सावधानियों व नियमों की जानकारी दी गई। इस मौके पर पेंटिंग प्रतियोगिता भी आयोजित की गई जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया व सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की शपथ भी दिलाई गई। बच्चों ने सड़क सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं को अपनी कलाकृतियों के माध्यम से प्रभावशाली रूप में प्रस्तुत किया। पेंटिंग से हेलमेट पहनने, जेब्रा क्रॉसिंग का उपयोग करने, ट्रैफिक सिग्नल का पालन करने जैसे महत्वपूर्ण संदेश दिए। स्कूल प्रवक्ता बलिंद्र कुमार ने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के महत्वपूर्ण नियमों की जानकारी दी और उनके पालन की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी सतर्कता बड़े हादसों से बचा सकती है। प्राचार्य कंवर शास्त्री ने बच्चों को यातायात नियमों का पालन करने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि सुरक्षित यातायात ही एक जिम्मेदार नागरिक की पहचान है।



## लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर ने नारी शिक्षा और संस्कृति को दिया बढ़ावा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर




भाजपा ने शुक्रवार को लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती के उपलक्ष में पार्टी के जिला कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने भाग लिया। जबकि विशिष्ठ अतिथि के रुप में भाजपा की पूर्व विधायक लतिका शर्मा, सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा व नगर निगम की मेयर सुमन बहमनी मौजूद रही। जबकि अध्यक्षता भाजपा के जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने की।

मुख्यातिथि एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने कहा कि भाजपा द्वारा गत 21 से 31 मई तक जिला यमुनानगर में अलग अलग स्थानों पर लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई जा रही है। इसी कड़ी में शुक्रवार को भाजपा के जिला कार्यालय में लोकमाता की जयंती मनाई गई। उन्होंने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होलकर एक महान शासक, योद्धा और समाजसेवी थीं।

जिन्होंने अपने शासनकाल में अपने समस्त मालवा क्षेत्र को समृद्धि और सुरक्षा प्रदान की। उनकी जयंती के अवसर पर हम उनके जीवन और योगदानों को याद करते हैं और उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लेते हैं। पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने कहा कि शिक्षा और संस्कृति को बढ़ावा देते हुए अहिल्याबाई होलकर ने कई हिंदू मंदिरों और धर्मशालाओं का निर्माण करवाया। इस मौके पर भाजपा के पूर्व विधायक ईश्वर सिंह पलाका, पूर्व मेयर मदन चौहान, जिला महामंत्री कृष्ण सिंगला , महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रीति जौहर व भाजपा जिला यमुनानगर मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग मौजूद रहे।

### रेडक्रॉस भवन में जिला प्रशासन का उपकरण वितरण समारोह

# दिव्यांगों को दिए 68.29 लाख के सहायक यंत्र

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर



दिव्यांगजनों को समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए प्रशासन द्वारा शुक्रवार को जगाधरी के हुड्डा सेक्टर-17 स्थित रेडक्रास भवन में दिव्यांगजन उपकरण वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्यातिथि के रुप में उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने भाग लिया। वहीं, विशिष्ठ अतिथि के रुप में पीएंडओ अधिकारी एलिम्को अशोक कुमार साहू मौजूद रहे।

उपायुक्त ने बताया कि सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के अधीन कार्यरत भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) जिला प्रशासन एवं भारतीय रेडक्रास की सहभागिता से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 332 हितग्रहीयों को भारत सरकार की एडिप एवं आरवीवाई योजना के अंतर्गत लाभान्वित किया गया। लाभार्थियों को लगभग 68.29 लाख रुपये की लागत के सहायक यंत्र व उपकरण वितरित किए गए। उन्होंने बताया कि लाभार्थियों को जिला में परीक्षण शिविरों द्वारा पूर्व चिन्हित किया गया था। दिव्यांगजनों को सरकार की योजना के अंतर्गत एलिम्को द्वारा निर्मित विभिन्न श्रेणी की दिव्यांगता के सहायक यंत्र व उपकरण प्रदान किए गए।

जिनकी संख्या 697 है। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि वितरित किए जाने वाले आधुनिक सहायक उपकरणों में हितग्रहीयों के लिए 101 मोटोराइज्ड ट्रॉइसाइकिल, 64 ट्राईसाइकिल, 48 व्हील चेयर, 16 कमोड व्हील चेयर, 150 कान की मशीन, 118 बैसाखी, 1 विजुअल इम्पेयर्ड किट, 90 छड़ी, 12 एलएस बेल्टए 14 सिलिकॉन कुशन, 2 ट्राइपॉड, 2 सर्वाइकल कॉलर, 22 नी ब्रेस, 1 सीपी चेयर, 2 रोलेटर और 54 कृत्रिम अंग एवं कैलीपर्स शामिल हैं।

रेडक्रास भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया गया। डीसी ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर उनका हौसला बढ़ा। रेडक्रॉस सचिव रणदीप सिंह ने बताया कि जिले में सभी जरूरतमंद दिव्यांगजनों को व्योश्री योजना के तहत कृत्रिम अंग एवं अन्य सहायक उपकरणों का निःशुल्क वितरण किया गया। उन्होंने बताया कि सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा दिव्यांगजनों को स्वार्गीण विकास और सुलभ जीवनयापन उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं। इस शिविर के माध्यम से आम जनता तक इन सुविधाओं की जानकारी भी उपलब्ध कराई गयी है। इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा, अंडर ट्रेनिंग आईएएस सुमन यादव, भारतीय रेडक्रास सोसायटी हरियाणा शाखा चंडीगढ़ के महासचिव महेश जोशी इत्यादि भी उपस्थित रहे।

# पूरी ईमानदारी व निष्ठा से करेंगे अपने कर्तव्य का निर्वहन : जगदीश सिंह झींडा

*हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के नवनिर्वाचित प्रधान जगदीश सिंह झींडा ने 11 सदस्यीय कार्यकारिणी समिति की घोषणा की*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के प्रधान जगदीश सिंह झींडा ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि वे पूरी ईमानदारी व निष्ठा से अपने कर्तव्य का निवर्हन करेंगें। उन्होंने कहा कि लंबे संघर्ष के बाद हरियाणा कमेटी अस्तित्व में आई और अब पहले चुनाव के बाद बहुमत से उन्हें प्रधान चुना गया है। वे गुरु घर की सेवा पूरी निष्ठा से करेंगें। चुनाव प्रक्रिया के बाद प्रधान जगदीश सिंह झींडा ने संगत व मैंबर साहिबान को संबोधित करते हुए हरियाणा कमेटी के संघर्ष की दास्तान के कुछ पल सांझे किए। उन्होंने शिरोमणि अकाली दल बादल द्वारा हरियाणा कमेटी के अस्तित्व में किस तरह से रोड़े अटकाए गए, उसका जिक्र किया। मगर उन्होंने इस बात की खुशी जताई कि लंबे संघर्ष के बाद अब हरियाणा कमेटी पूरी तरह से अस्तित्व में आ चुकी है।

**झींडा ने संगत और मैंबर साहिबान को संबोधित किया**



कुरुक्षेत्र। ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी में गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष शीश नवाते जगदीश सिंह झींडा व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### प्रधान बनने के बाद हरियाणा कमेटी के हैड आफिस पहुंचे झींडा

प्रधान बनने के बाद जगदीश सिंह झींडा हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के हैड आफिस में पहुंचे। यहां कुछ मैंबर साहिबान व उनके समर्थकों ने उनका स्वागत किया। पुष्पगुच्छ देकर एवं मुंह मीठा करवा कर जगदीश सिंह झींडा को प्रधान की कुर्सी पर बैठाया गया। इसके बाद हरियाणा कमेटी के चीफ सैकेटरी जसविंदर सिंह दीनपुर, एडिशनल सैकेटर राजपाल सिंह दुनियामाजरा, सतपाल सिंह डाचर, उप सचिव अमरिंदर सिंह व रूपिंदर सिंह ने भी प्रधान का स्वागत किया।

### जत्थेदार बलजीत सिंह दादूवाल ने पझींडा को दी बधाई

हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के नामजद मैंबर एवं धर्म प्रचार के पूर्व चेयरमैन जत्थेदार बलजीत सिंह दादूवाल ने प्रधान बनने पर जगदीश सिंह झींडा को बधाई दी। उन्होंने कहा कि हरियाणा कमेटी का पहला चुनाव संपन्न हुआ है और लंबे समय तक प्रदेश की अगल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के लिए आवाज बुलंद करने एवं लड़ाई लड़ने वाले जगदीश सिंह झींडा का प्रधान बनना खुशी भरे एवं स्वर्णिम क्षण है।

## खबर संक्षेप




### राजकीय विद्यालय में सांझी सभा आयोजित

**कुरुक्षेत्र।** सांझी सभा के तहत विद्यालय प्रबंधन समिति का चुनाव अगले दो वर्ष के लिए किया गया जिसमें सहमति से चयन किया गया। अध्यक्षा के रूप में ममता देवी संयोजक, सूबे सिंह उपाध्यक्ष, चांदी राम चुने गए। इसके अलावा अन्य 12 सदस्य बच्चों के अभिभावकों में से चुने गए। एक पंचायत सदस्य एक समाज सेवक और एक शिक्षाविद् के रूप में तथा एबीआरसी पदेन सदस्य रहेंगे। यह कार्यकारिणी अगले दो वर्ष के लिए काम करेगी जो स्कूल के सभी कार्यों की देखरेख निरीक्षण करती है व समय-समय पर मीटिंग आयोजित करके कार्यों को सुचारू रूप देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

### बाल विवाह रोकने के बारे में किया जागरुक



**कुरुक्षेत्र।** जिला एवं सत्र न्यायधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुरुक्षेत्र की सीजेएम एवं सचिव नीतिका भारद्वाज द्वारा नालसा के तहत बाल विवाह रोकने के बारे में जागरुकता पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके तहत एक कमेटी बनाई गई है। इस कमेटी के सदस्यों को चाईल्ड मैरिज प्रोटैक्शन ऑफिसर सविता राणा द्वारा सैंसेटाईज किया गया। उन्हें बताया गया कि बाल विवाह रोकने के लिए क्या क्या कदम उठाए जा सकते हैं। इस कार्यक्रम में कमेटी के सदस्यों ने भाग लिया।



### नप की कार्रवाई 19 दुकानदारों के चालान

**कुरुक्षेत्र।** नगरपरिषद के सफाई निरीक्षक प्रदीप कुमार ने कहा कि शहर में पॉलिथीन व सिंगल यूज प्लास्टिक हटाओ अभियान चलाया गया। सरकार द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध लगाए जाने के पश्चात शुक्रवार को नगर परिषद की टीम ने शहर में विभिन्न मुख्य बाजारों में छापामार कार्रवाई की। नगर परिषद के सफाई निरीक्षक ने बताया कि जिला नगर आयुक्त सतिन्द्र सिवाच व कार्यकारी अधिकारी राजेश कुमार के आदेशानुसार यह कार्रवाई की गई है। उन्होंने दुकानदारों से कहा कि सरकार ने पूरे प्रदेश में सिंगल यूज प्लास्टिक व पॉलीथिन पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया हुआ है और सरकार के दिशा-निर्देश पर ही यह अभियान चलाया गया है। प्रदीप कुमार ने बताया कि उनकी टीम द्वारा अभियान के तहत संबंधित दुकानों व अन्य प्रतिष्ठानों इत्यादि से 5 किलोग्राम पॉलीथिन व सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त किया गया है इसके अलावा 19 चालान किए गए जिनसे 3500 रुपए की रिकवरी की गई। रेहड़ी वालों को चालान काटने की बजाए चेतावनी दी जा रही है।

### अहिल्याबाई के त्रिशती जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित

# राष्ट्र निर्माण में अहिल्याबाई होल्कर का विशेष योगदान: प्रो. सोमनाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में अहिल्याबाई होल्कर का विशेष योगदान है। अहिल्याबाई होलकर के पहले नाम अहिल्या में ही इनके सारे गुण व अच्छे कार्य निहित है। अहिल्या बाई एक आदर्श शासिका, हिंदू धर्म की संरक्षिका, लोक सेविका व योग्यता को पहचानने वाले गुणों से युक्त कुशल शासिका थी। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा शुक्रवार को डॉ. भीमराव रामजी अम्बेडकर अध्ययन केंद्र द्वारा पुण्य श्लोका लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर के त्रिशती जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में राष्ट्र निर्माण में लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर का अवदान विषय पर आयोजित एक दिवसीय विस्तार व्याख्यान कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे। इससे पहले दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। केन्द्र के निदेशक डॉ. प्रीतम सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत किया व कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताया। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि अहिल्या बाई का मानना था कि धर्म की सेवा ही ईश्वर की सच्ची आराधना है। वो एक समावेशी नेता थी जिन्होंने सभी धर्मों व जातियों के लिए समान न्याय देने का काम किया। उन्होंने हिंदू धर्म के मंदिर बनवाए, मुस्लिम वर्ग को जमीन दान में दी, जैन और बौद्ध धर्म का ध्यान भी रखते हुए उनके भी प्रचार प्रसार में किसी तरह की कमी नहीं आने दी। उनका मानना था कि सत्ता को मूल उद्देश्य सबके लिए न्याय होना चाहिए। वह लोक सेविका थी। उन्होंने सड़को, कुओं, धर्मशालाओं का निर्माण, स्कूलों का निर्माण जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में योगदान दिया। उनके कार्यो से यह पता चलता है कि राजा वो नहीं जो ताज पहने बल्कि राजा वह है जो सेवा करे।



**कुरुक्षेत्र।** एक दिवसीय विस्तार व्याख्यान कार्यक्रम का दीप प्रज्जवलित कर उदघाटन करते कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा। फोटो : हरिभूमि

**जानकारी नहीं मिली**

मौके पर कुवि कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पॉल, जीजेयू के कुलसचिव डॉ. विजय कुमार, प्रो. डीएस राणा, प्रो. सुशीला चौहान, केंद्र के निदेशक डॉ. प्रीतम सिंह, प्रो. रीता दलाल, प्रो. सुनीता सिरोहा, प्रो. निर्मला चौधरी, प्रो. निरूपमा भट्टी, प्रो. महावीर रंगा, डॉ. रमेश सिरोही, रणजीत, संजय, डॉ. आंनद कुमार, डॉ. तेलू राम, डॉ. संगीता धीर, डॉ. वीर विकास, डॉ. दिविज, डॉ. संतोष कुमार, डॉ. जितेन्द्र जांगड़ा सहित शिक्षक, विद्यार्थी मौजूद थे।

> कार्यक्रम की मुख्यातिथि प्रो. रेशमा प्रसाद बोलीं

### अहिल्याबाई आदर्श प्रशासिका व न्यायप्रिय शासिका

कार्यक्रम की मुख्यातिथि पटना बिहार की सामाजिक चिंतक डॉ. रेशमा प्रसाद ने कहा कि भारत के इतिहास में कई ऐसी वीरांगनाएं हुईं जिन्होंने अपने अद्वितीय शासन और दूरदर्शिता से इतिहास के पन्नों और कहानियों में अमिट छाप छोड़ी। इन्हीं में से एक थीं मालवा की रानी अहिल्या बाई होलकर। उन्हें आज भी एक आदर्श प्रशासिका, न्यायप्रिय शासिका और धर्मपरायण महिला के रूप में याद किया जाता है। उन्होंने महिला, पुरुष, ट्राजेंडर के लिए सामान्य वातावरण निर्माण बनाने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि स्वनिर्धारित पहचान को स्वीकार करना जरूरी है।

### अहिल्याबाई होल्कर ने सुशासन, धर्म और सेवा भावना से कार्य किया: प्रो. रमेश धारीवाल

मुख्य वक्ता राजकीय कॉलेज, बिलासपुर के प्रो. रमेश धारीवाल ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर ने सुशासन, धर्म और सेवा भावना से कार्य किया। भारत की संस्कृति को आगे बढ़ाने और उसे सुरक्षित रखने में उन्होंने अहम भूमिका निभाई। रानी अहिल्याबाई होल्कर का जीवन सामाजिक न्याय और नारी सशक्तिकरण का आदर्श उदाहरण है। उनके शासनकाल में जनकल्याण के अनेक कार्य हुये। सनातन संस्कृति की पुनर्स्थापना में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर का अहम योगदान रहा जो हमारे लिए सदैव स्मरणीय रहेगा। विशिष्ट अतिथि आईआईएचएस की प्रिंसिपल प्रो. रीता दलाल ने कहा कि रानी अहिल्याबाई होल्कर का जीवन और दर्शन आज भी देश के लिए पथ प्रदर्शक है। विशेष अतिथि गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय, हिसार के कुलसचिव डॉ. विजय कुमार ने कहा कि हमें लोकमाता अहिल्याबाई के जीवन से प्रेरणा लेना चाहिए। दूसरी विशिष्ट अतिथि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की आंतरिक शिकायत समिति की अध्यक्ष प्रो. सुनीता सिरोहा ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई भारतीय धर्म, संस्कृति व सनातन परंपरा की साक्षात प्रतिमूर्ति थी। अंत में कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल ने सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया। मंच का संचालन उपासना ने किया।



# रोहतक में भव्य होगा भगवान परशुराम जन्मोत्सव: डा.शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

हरियाणा के सहकारिता एवं पर्यटन मंत्री डा. अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रदेश के इतिहास का सबसे भव्य और विशाल भगवान परशुराम जन्मोत्सव रोहतक के पहरावर में होगा। इस जन्मोत्सव पर 30 मई को राज्य स्तरीय कार्यक्रम होगा, इस कार्यक्रम को यादगार और ऐतिहासिक बनाने के लिए प्रदेश के हर जिले के आम नागरिकों के साथ-साथ ब्राह्मण समुदाय के लोगों में जोश और उत्साह देखने को मिल रहा है। अहम पहलु यह है कि इस राज्य स्तरीय भगवान परशुराम जन्मोत्सव में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। सहकारिता एवं पर्यटन मंत्री डा. अरविंद शर्मा शुक्रवार को ब्राह्मण छात्रावास एवं धर्मशाला में समाज की तरफ से आयोजित एक बैठक को सम्बोधित करने के उपरांत पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में वर्ष 2014 के बाद संत महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रसार योजना के तहत संत महापुरषों की जयंती को सरकार के स्तर पर मनाने का निर्णय लिया गया और तत्कालीन मुख्यमंत्री एवं केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल की सोच को आगे बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आदेशानुसार संतों और महापुरुषों की जयंती को सरकार के स्तर पर मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अब प्रदेश सरकार की तरफ से गौड ब्राह्मण विद्या प्रचारिणी संस्थाओं के कैम्पस पहरावर में राज्य स्तरीय भगवान परशुराम जन्मोत्सव समारोह मनाने का निर्णय लिया गया है। यह जन्मोत्सव 30 मई को सुबह 10 बजे रोहतक के पहरावर में मनाया जाएगा और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। कार्यक्रम में पहुंचने पर सभा के प्रधान पवन शर्मा ने मेहमानों का स्वागत किया। इसके उपरांत सहकारिता एवं पर्यटन मंत्री भाजपा के वरिष्ठ नेता जयभगवान शर्मा डीडी के निवास पर भी पहुंचे।

### पांच दिवसीय कार्यक्रम होगा

# कृष्ण योग जिला जिंदल पार्क में 26 से लगेगा निशुल्क शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

- हड्डी रोगियों को अच्छी दिनचर्या व भोजन के बारे में भी योग विशेषज्ञों द्वारा उचित जानकारी दी जाएगी

भारतीय योग संस्थान (पंजीकृत) की हरियाणा प्रांत इकाई के अंतर्गत कृष्ण योग जिला, कुरुक्षेत्र के तत्वावधान में एक पांच दिवसीय निशुल्क योग द्वारा हड्डी रोग निवारण शिविर जिंदल पार्क, झांसा रोड़, कुरुक्षेत्र में 26 से 30 मई 2025 तक प्रातः 5:30 से 7:00 बजे तक लगाया जाएगा।

जिला प्रधान देवी दयाल सैनी ने बताया कि इस शिविर में साधकों को हर प्रकार के हड्डी रोगों का योग से निदान करने वाले सूक्ष्म व्यायाम, योगासन, प्राणायाम, ध्यान साधना व अन्य क्रियाओं का अभ्यास करवाया जाएगा। हड्डी रोगियों को अच्छी दिनचर्या व भोजन के बारे में भी योग विशेषज्ञों द्वारा उचित जानकारी दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि आजकल समाज में हड्डी रोगों के बढ़ते प्रकोप के कारण जो असमंजस, पीड़ा व चिंता की स्थिति बनी हुई है उसे देखते हुए भारतीय योग संस्थान ने इस वर्ष पूरे देश में अपने निशुल्क योग साधना केन्द्रों के माध्यम से प्रत्येक स्थान पर योग द्वारा निशुल्क हड्डी रोग निवारण शिविर लगाने का निर्णय लिया है। संस्थान के नवनियुक्त संगठन मंत्री गुलशन कुमार ग्रोवर ने बताया कि यह पुस्तक समस्त हड्डी रोगों पर एक एनसाइक्लोपीडिया है और प्रत्येक घर के लिए अत्यंत उपयोगी है। भारतीय योग संस्थान की त्रैमासिक पत्रिका योग मंजरी 2025 का अंक भी हड्डी रोग विशेषांक के नाम से प्रकाशित हुआ है। इसमें भी हड्डी रोगों से संबंधित बहुत सी जानकारी दी गई है। संस्थान के प्रांतीय प्रधान ओमप्रकाश ने बताया कि भारतीय योग संस्थान स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है और समय-समय पर समाज की ज्वलंत समस्याओं पर चिंतन करता रहता है और उसी के अनुरूप अपने कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाता रहता है। इस वर्ष संस्थान ने हड्डी रोगों को योग के माध्यम से ठीक करने का लक्ष्य रखा है और अपने सभी निशुल्क योग साधना केन्द्रों को इस निष्काम ईश्वरीय कार्य को आगे बढ़ाने के लिए पूरे उत्साह और लगन से कार्य करने को कहा है ताकि संस्थान के संस्थापक श्रद्धेय स्व. प्रकाश लाल जी का जीओ और जीवन दो, सर्वे भवंतु सुखिनः और वसुधैव कुटुंबकम का सपना शीघ्र पूरा हो सके।



**कुरुक्षेत्र।** महर्षि कश्यप जयंती समारोह के लिए रवाना होते प्रवीन कश्यप व अन्य।

# महर्षि कश्यप जयंती समारोह के लिए लोग रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

- महर्षि कश्यप ने दान, दया एवं कर्म को बताया सर्वश्रेष्ठ धर्म : प्रवीन

समाजसेवी प्रवीन कश्यप दयालपुर ने कहा कि लाडवा में 23 मई को होने वाली महर्षि कश्यप जयंती ऐतिहासिक तो होगी ही साथ में कई रिकॉर्ड कायम करेगी। गांव दयालपुर से लाडवा महर्षि कश्यप जयंती समारोह में रवाना होने से पूर्व प्रवीन कश्यप दयालपुर ने कहा समारोह को लेकर समाज के लोगो में उत्साह है। प्रवीन कश्यप ने कहा कि महर्षि कश्यप की जयंती मनाना तभी सार्थक होगा जब हम सृष्टि की अनमोल वस्तुओं जल, जंगल एवं वायु को बचाकर रखेंगे।

उन्होंने कहा कि कश्यप संहिता की रचना तथा सृष्टि के सृजन में दिए गए योगदान के कारण उनकी यशोगाथा हमारे वेदों, पुराणों, स्मृतियों, उपनिषदों एवं अनेक धार्मिक साहित्य में भरी पड़ी है, आवश्यकता उन्हें पढ़कर महर्षि कश्यप के दिखाए मार्ग पर चलने की है। महर्षि कश्यप ने दान, दया एवं कर्म को सर्वश्रेष्ठ धर्म बताया है और वह राग द्वेष रहित, परोपकारी, चरित्रवान तथा प्रजापालक थे। उन्होंने समाज को नई दिशा देने के लिए स्मृति ग्रंथ जैसे महान ग्रंथ की रचना की। उनका अखंड तप, अलौकिक ज्ञान, धर्म निष्ठा, परोपकारिता, अद्भुत तेज तीनों लोकों में गुंजायमान था। इस मौके पर जगीर कश्यप, नफे सिंह कश्यप, रायसिंह कश्यप, रघुबीर सिंह कश्यप, भाग सिंह कश्यप, राजा राम कश्यप, रंजीत कश्यप, रोहित कश्यप, नरेंदर कश्यप, दीपक कश्यप, सुरेश कश्यप, मोहित कश्यप, गोबिंद कश्यप, नरेश कश्यप, प्रवीन कश्यप दयालपुर मौजूद रहे।

# पानी की समस्या से जूझ रहा गांधीनगर

**पिहोवा।** गांधी नगर के वार्ड 1 में नल जल की समस्या गंभीर हो गई है। लोग पानी की किल्लत से परेशान हैं। नल जल पाइपलाइन से सभी घरों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा हैं जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसी को लेकर वार्ड की सभी महिलाओं ने अपना विरोध जताया। वार्ड निवासी बलबीर कौर और रीटा रानी कहा की पेयजल सप्लाई हमेशा से समस्या में रही है। पिछले कुछ समय से यह स्थिति अधिक बिगड़ गई। गर्मी का प्रभाव बढ़ने से आने वाले दिनों में पानी की कमी लोगों के लिए बड़ा संकट ला सकती है। चूंकि इस वार्ड में अधिकतर परिवार पशु पालक है। कुछ लोग बे वजह मोटर चला लेते हैं जिसकी वजह से नलों में पानी नहीं आता और नलों से पानी व्यर्थ बहता रहता हैं। इनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।



**क्या कहते हैं वार्ड पार्षद**

वार्ड न.1 के पार्षद लाभ सिंह ने कहा कि जल्द ही इस समस्या को दूर किया जाएगा। तूफान की आने की वजह से बिजली के खंबे टूट गए थे, जिससे बिजली बाधित हो गई थी जिसको ठीक करने में काफी समय लग गया था तो इस वजह से पानी की मोटर नहीं चल पाई जिससे वार्ड वासियों को कुछ परेशानी का सामना करना पड़ा और नई पाइप लाइन डाल दी है और जल्द ही इनको नई मोटर की पाइपलाइन को जोड़ दिया जाएगा ताकि इस समस्या को जल्द ही खत्म किया जा सकें और वार्ड वासीयों को किसी भी तरह की परेशानी का सामना ना करना पड़े।

# टेक्नोकल्चर फेस्ट एक्सेल्सियर एकल गायन प्रतियोगिता में मोहित प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के कुशल नेतृत्व में चल रहे यूआईईटी संस्थान के टेक्नोकल्चर फेस्ट एक्सेल्सियर 2025 के दूसरे दिन विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक प्रो सुनील ढींगरा ने बताया की तकनीकी विद्यार्थियों में उत्साह व उमंग काबिले तारीफ है। तकनीकी प्रतियोगिताओं विद्यार्थी अग्रणी रूप से प्रतिभागिता कर रहे हैं जिसे एक्सलसियर का मुख्य उद्देश्य सफल हो रहा है।

एक्सलसियर के संयोजक डॉ अजय जांगड़ा व सहसयोजिका डॉ पूनम डब्बास ने प्रतियोगिताओं के परिणाम के बारे में बताया कि एकल गायन में मोहित भारद्वाज प्रथम, प्रियांशी दूसरे व रक्षित तीसरे स्थान पर रहे! और इतनी में कविता प्रतियोगिता में नीरू प्रथम, द्वितीय नमन तृतीय स्थान पर प्रिया रही। समूह गायन में मोहित व उसकी टीम प्रथम और उमंग की टीम दूसरे व दिवांशी की टीम तृतीय स्थान पर रही। ऑनलाइन गेमिंग में योगेश प्रथम, लक्ष्य द्वितीय व तीसरे स्थान पर अभिषेक रहे। ब्रेन स्ट्रोम में प्रथम स्थान पर प्राची, दूसरे स्थान पर दीपांशी व तीसरे स्थान पर हिमांशु रहे। बेस्ट ऑफ वेस्ट में प्रथम स्थान पर इशिका, दूसरे स्थान पर आशियाँ व तीसरे स्थान पर प्रेरणा रही।



### सॉलिड वॉटर्स डिजाइन में प्रथम रुपेश

सॉलिड वॉटर्स डिजाइन में प्रथम स्थान पर रुपेश, दूसरे स्थान पर रफी कुमार, तीसरे स्थान पर मोहित रहे। इंग्लिश डिबेट में सौरव प्रथम, आर्यन दूसरे व तीसरे स्थान पर श्रुति रही! इसके साथ ही विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ पवन दिवान, डॉ अग्निहोत्री, डॉ. प्रियंका जांगड़ा, डॉ. रविंद्र चौधरी, डॉ संजीव आहूजा, डॉ. कर्मबीर, डॉ. अनीता, डॉ. सुनीता खटक डॉ. उर्मिला, दीप्ती चौधरी, डॉ. दिव्या, डॉ. अनुराधा परिणम, अधीक्षक दीपक शर्मा, हरिकेश पपोसा के साथ संस्थान के सभी शिक्षक और विद्यार्थी मौजूद रहे।

# रिफ्रेशर कोर्स के तीसरे दिन शोध पद्धति के मूल तत्वों के बारे में विस्तार से बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ थानेसर

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के यूजीसी मानव संसाधन विकास केंद्र (एमएमएमटीटीसी) एवं कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा आयोजित संयुक्त रूप से विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों के शिक्षकों के लिए आयोजित सामाजिक विज्ञानों में शोध पद्धति पर रिफ्रेशर कोर्स के तीसरे दिन पहले सत्र में प्रो. अशोक चौहान ने शोध पद्धति के मूल तत्वों, अनुसंधान योजना, समस्याओं की पहचान, परिकल्पना निर्माण और साहित्य समीक्षा की प्रक्रिया को सरल व प्रभावी ढंग से समझाया।

दूसरे सत्र में प्रो. टी. आर. कुंडू ने गुणात्मक एवं मात्रात्मक अनुसंधान पद्धतियों की विशेषताओं, डेटा की वैधता, तथा संग्रहण तकनीकों जैसे केस स्टडी, साक्षात्कार और प्रश्नावली पर विस्तार से चर्चा की।

**साक्षात्कार की भी व्याख्या की:** तीसरे सत्र में डॉ. सुमित सौरभ श्रीवास्तव ने सामाजिक विज्ञानों में प्राथमिक आंकड़ों के संग्रहण की विविध तकनीकों जैसे मोबाइल आधारित सर्वे, फोकस ग्रुप डिस्कशन, और गहन साक्षात्कार की व्याख्या की।

## खबर संक्षेप

### लूट के मामले में तीन गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना साहा में दर्ज लूट के मामले में सीआईए-1 ने आरोपी मोहित कुमार व विकास कुमार तथा विजय को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों को दो दिन के रिमांड पर लिया है। पतरेहड़ी के किरणपाल ने 11 मई 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि वह साहा से अंबाला छावनी की तरफ अपना ऑटो लेकर जा रहा था। गांव तेपला से थोड़ा पहले एक जंगल के पास वह अपना ऑटो खड़ा करके टॉयलेट के लिए चला गया। तब एकदम से तीन मोटरसाइकिल सवार लड़के आए।

### चोरी के मामले में आरोपी किया गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नारायणगढ़ में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी प्रद्मन को गिरफ्तार किया है। बड़ी रसौर के रहने वाले कृष्ण लाल ने 22 मई 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 18 मई 2025 को गांव बड़ी रसौर में स्थित शिव मंदिर में बने माता बाला सुंदरी मंदिर का शीशा तोड़ कर चांदी का हार व नकद राशि चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### समाधान शिविर सार्थक पहल

**अंबाला।** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि समाधान शिविर सरकार द्वारा शुरू की गई सार्थक एवं सराहनीय पहल है जिसका मुख्य उदेश्य आम लोगों की समस्याओं का समयबद्ध तरीके से जल्द समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर मे पंहुचे प्रत्येक प्रार्थी की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उनका तय समय मे जल्द समाधान करवाया जाए। भरसक प्रयास रहे कि लोगों कि समस्याओं का मौके पर निपटान करवाया जाए।

### नाले-नालियों की हो सफाई

**अंबाला।** आगामी मानसून के दृष्टिगत जिले में बाढ़ रोकथाम व जल भराव जैसी स्थिति से निपटने की तैयारियों को लेकर उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने शुक्रवार को अपने कार्यालय के सभागार में विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक ली। तोमर ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि आगामी मानसून को लेकर सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ जिले में जल भराव जैसी स्थिति से निपटने को लेकर सभी तैयारियां समय रहते पूरी करवाना सुनिश्चित करें।

### योग दिवस की तैयारियां जोरों पर

**अंबाला।** 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2025 को पूरे विश्व भर मे मनाया जाएगा। इसके तहत आयुष विभाग के निर्देशानुसार एवं उपायुक्त अजय सिंह तोमर के मार्गदर्शन में कार्यक्रमों को भव्य तरीके से मनाने को लेकर जिला प्रशासन व विभागीय अधिकारियों द्वारा सभी तैयारिया जोरों पर हैं।

### 27 को होगी सांझी सभा की मीटिंग

**बराड़ा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एवं प्राथमिक पाठशाला थम्बड में नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत हो चुकी है। नए सत्र के साथ ही विद्यालय में सांझी सभा के गठन की तैयारियाँ भी पूर्ण हो चुकी हैं। इस संबंध में विद्यालय की प्रधानाचार्या मनभावनी भल्ला ने जानकारी दी कि 27 मई 2025 को विद्यालय परिसर में एक बैठक का आयोजन किया जाएगा।

---

### तीन घंटे ट्रेन लेट होने से गुस्साए यात्री, रेलवे के खिलाफ यात्रियों ने की नारेबाजी

# वंदे भारत रोककर जबरन घुसने का प्रयास, रोकने पर ट्रैक किया जाम

ट्रेन के लगातार लेट होने से ड्यूटी व उपचार के लिए नहीं पहुंच पा रहे हैं यात्री, रेलवे अधिकारियों ने समस्या के समाधान का दिया आश्वासन


**अंबाला।** अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन पर खड़ी वंदे भारत ट्रेन व हंगामा करते यात्री।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला छावनी रेलवे स्टेशन पर लगातार दैनिक यात्रियों ने ट्रेनों की लेटलतीफी को लेकर हंगामा किया। शुक्रवार को तो ट्रेन लेट होने से गुस्साए यात्रियों ने वंदेभारत एक्सप्रेस रोक दी। यात्री इस ट्रेन में जनरल टिकट पर ही जबरदस्ती चढ़ना चाहते थे। हालांकि इस ट्रेन में बिना रिजर्वेशन के यात्रा नहीं की जा सकती है। इस दौरान रेलवे कर्मचारियों ने यात्रियों को ट्रेन में चढ़ने से रोक दिया। तब गुस्साए यात्री रेलवे ट्रैक पर उतर आए। यात्रियों ने वंदेभारत के आगे खड़े होकर रेलवे के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरा ट्रेन को आगे बढ़ने नहीं दिया गया। करीब 20 मिनट तक स्टेशन पर जमकर हंगामा हुआ। इसी दौरान दूसरे ट्रैक पर दुर्ग एक्सप्रेस आई तो यात्रियों ने उसे भी रोक दिया।

इसके बाद रेल अधिकारियों ने यात्रियों को समझाकर किसी तरह वंदेभारत और उधमपुर से आई दुर्ग एक्सप्रेस को 18 मिनट की देरी से से रवाना किया। यात्रियों का आरोप है कि ट्रेन लेट होने की वजह से वह ड्यूटी पर टाइम से नहीं पहुंच पा रहे। दरअसल रेलवे की ओर से अंबाला से हिमाचल प्रदेश के इंदौरा (कांगड़ा) के लिए लोकल रूट पर मेमू ट्रेन (64563) चलाई जाती है। यह ट्रेन अंबाला कैंट से वाया चंडीगढ़ होकर इंदौरा आती-जाती है। चंडीगढ़ में नौकरी करने वाले या पीजीआई में इलाज के लिए जाने वाले लोग इसी में जाते हैं। 6 दिन पहले रेलवे ने इस ट्रेन को अंबाला से एक्सटेंड कर हिसार के रायपुर तक कर दिया। जिसके बाद ट्रेन अब वाया चंडीगढ़ और अंबाला कैंट होते हुए हिसार के रायपुर से हिमाचल के इंदौरा तक चलने लगी। यात्रियों का कहना है कि इस ट्रेन का अंबाला कैंट में पहुंचने का समय सुबह 7.30 बजे का है। जिसमें बैठकर वह ड्यूटी पर चले जाते थे। यात्रियों ने कहा कि चूंकि यह लोकल ट्रेन है, इसलिए इस पर सुपरफास्ट और एक्सप्रेस ट्रेनों को तरजीह दी जाती है। इसे रोककर उनका रूट क्लियर करा दिया जाता है। जिस वजह से यह ट्रेन लगातार लेट हो रही थी। 22 मई को यह ट्रेन 15 से 20 मिनट लेट हुई। जिसके बाद भी यात्रियों ने प्लेटफॉर्म पर हंगामा किया। उनका कहना था कि ट्रेन में देरी की वजह से वह टाइम पर ड्यूटी पर नहीं पहुंच पाते।

#### तीन घंटे लेट हुई तो यात्री भड़क गए

यात्रियों के मुताबिक शुक्रवार को यह लोकल ट्रेन 3 घंटे लेट हो गई। जिस वजह से वह ड्यूटी पर नहीं जा सके। सुबह करीब 8 बजे नई दिल्ली से इंदौरा जाने वाली वंदेभारत एक्सप्रेस (22447) अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन पर पहुंची। लोकल ट्रेन लेट होने की वजह से यात्रियों ने कहा कि उन्हें वंदेभारत में ही जाने दिया जाए। वह भी वाया चंडीगढ़ होकर जाती है। हालांकि वंदेभारत रिजर्वेशन वाली ट्रेन है, इस वजह से रेलकर्मियों ने इनकार कर दिया। यात्री सुनील, धर्मवीर व ललित ने बताया कि लोकल ट्रेन के देरी से आने के कारण वह अपनी ड्यूटी पर लेट हो रहे थे। शुक्रवार को भी उनकी ट्रेन को बीच रास्ते रोककर नई दिल्ली-इंदौरा वंदेभारत को पास करवाया गया। इससे उनकी ट्रेन फिर लेट हो गई। यात्रियों ने जबरन वंदेभारत का गेट खोलने की कोशिश की। जब वे कामयाब नहीं हुए तो सभी यात्री रेलवे ट्रैक पर उतर आए। उन्होंने नारेबाजी करते हुए हंगामा शुरू कर दिया। यहां वंदेभारत का 2 मिनट का स्टॉपेज है। जब ट्रेन को चलाने की कोशिश हुई तो यात्री उसके आगे खड़े हो गए। उन्होंने वंदेभारत को आगे नहीं जाने दिया। मौके पर हंगामा मचते ही पुलिस और रेलवे के अधिकारी पहुंच गए। रेल अधिकारियों को यात्रियों ने अपनी मुश्किल बताई। इसके बाद अधिकारियों ने कहा कि कल से वह लोकल ट्रेन को समय पर चलाएंगे ताकि यात्रियों को किसी तरह की मुश्किल न हो। कुछ देर की बहस के बाद यात्री मान गए और उन्होंने रेलवे ट्रैक खाली कर दिया।

---

# जमीन खाली करने वाले को ही मिल रहे नोटिस


**अंबाला।** लोगों की समस्याएं सुनते मंत्री अनिल विज।

- विज ने पुलिस को जांच के निर्देश दिए
- कैबिनेट मंत्री ने अपने आवास पर अंबाला छावनी विधानसभा क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को सुनकर अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने शुक्रवार को अपने आवास पर अंबाला छावनी विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याओं को सुनते हुए मौके पर मौजूद संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के दिशा-निर्देश दिए। तोपखाना परेड से आए व्यक्ति ने मंत्री को शिकायत देते हुए बताया कि वह अपनी बुआ की जमीन पर खेती करता था, मगर बुआ ने जमीन किसी अन्य को बेच थी जिसके बाद जमीन पर कब्जा ले लिया गया।

अब उस जमीन पर विवाद होने के बाद उसके नाम से ही नोटिस आ रहे हैं जबकि उसका जमीन से कोई लेना-देना नहीं है। मंत्री अनिल विज ने इस मामले में जांच के निर्देश दिए। दयालबाग के निकट ट्रिब्यून बाग के व्यक्ति ने क्षेत्र में अवैध तरीके से मोबाइल टॉवर लगाने के आरोप लगाए। उसने कहा कि प्रशासन की अनुमति के बिना टॉवर लगाया जा रहा है जिस पर मंत्री ने कार्रवाई के निर्देश दिए। 12 क्रॉस रोड की महिला ने अपनी शिकायत देते हुए आरोप लगाए कि पड़ोसियों ने उसकी दीवार तोड़ दी है जिससे बारिश के समय उनके घर में पानी आ रहा है।

विज ने मामले में नप अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए। इसी प्रकार गांव धनकौर के बुजुर्ग दंपत्ति ने आरोप लगाया कि उसके बेटे व बहू ने उनके साथ मारपीट करते हुए उन्हें घर से निकाल दिया है। रेलवे कॉलोनी से आए कुछ दुकानदारों ने उनकी लीज अवधि को रेल प्रशासन द्वारा बढ़ाने की मांग की। इसी प्रकार मंत्री के समक्ष अन्य शिकायतें भी आई जिनपर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

---

## बिजली निगम में नौकरी व बिलों में कटौती के नाम पर दस लाख की ठगी, केस दर्ज

- पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

बिजली कर्मी बनकर खट्टा कलां गांव के सलिंदर से नौकरी लगवाने व बिल में कटौती के नाम पर 10 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। शिकायतकर्ता सलिंदर ने बताया कि उसका बराड़ा अनाजमंडी के सामने ऑफिस है। वे ट्रेडिंग का काम करते हैं।

4 व्यक्ति उसके पास बिजली निगम की गाड़ी लेकर आए और बोले कि उनकी निगम के एमडी के साथ अच्छी जान पहचान है। लंबे समय तक आते रहे तो झांसे में आकर अपने 2 भतीजों व मामा के लड़के को नौकरी लगवाने के नाम पर 6 लाख रुपये दे दिए। इसके बाद आरोपी बोले कि जिनके ज्यादा बिल आए हैं वे काम कटौती करवा देंगे।

ऐसे में 5 लोगों से कुल 10 लाख रुपये ठग लिए। पुलिस ने अब सलिंदर की शिकायत पर आरोपियों के खिलाप केस दर्ज जांच शुरू कर दी है। पुलिस की मानें तो आरोपियों को जल्द ही काबू कर किया जाएगा। साथ ही जांच के दोरान यह भी पता लगाया जाएगा आरोपियों ने कितने लोगों को ठगी का शिकार बनाया है। फिलहाल पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

---

# अग्र समाज बेटी अपनाओ मुहिम भी करेगा शुरू

- पूर्व मंत्री असीम गोयल बोले अपने बच्चों की शादी के साथ गरीब परिवार की कन्या की भी करवाई जाएगी शादी, अग्र समाज के कार्यक्रम में हुआ ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


**अंबाला।** कार्यक्रम में दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता को सम्मानित करते पूर्व मंत्री असीम गोयल व अन्य।

पूर्व मंत्री असीम गोयल के प्रयासों से दिल्ली के भारत मंडपम में पहली बार अग्र समाज स्थापना दिवस का भव्य आयोजन किया गया। इसमें हज़ारों की तादाद में लोग शामिल हुए। इस अग्र कुंभ में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। जबकि समाज से जुड़ी सभी संस्थाएं भी यहां एक सूत्र में दिखाई दी। कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथियों का आयोजकों द्वारा गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत रूप से दीप प्रज्वलित कर की गई। प्रसिद्ध पंडित विजय शंकर मेहता द्वारा महाराज अग्रेसन के जीवन,संघर्ष और उनके द्वारा दिए गये सिद्धांतों के व्याख्यान से की गई। जिसके पश्चात अपने संबोधन में पूर्व मंत्री एवं कार्यक्रम संयोजक असीम गोयल ने बताया कि 5142 साल के इतिहास में यह पहला कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह हमारे लिए बड़ा और ऐतिहासिक दिन है। गोयल ने इस कार्यक्रम के आयोजन में बीते कई दिन से जुटे एक एक व्यक्ति का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि न सिर्फ समाज के बल्कि यहां हर एक व्यक्ति ने खुद को अग्र वंश का समझकर दिन रात मेहनत की। गोयल ने मंच से कहा कि समाज के अधिकतर बच्चे डॉक्टर हैं। ऐसे में हमें यह संकल्प लेना चाहिए हम कन्या भ्रूण हत्या के विरुद्ध आवाज़ बुलंद करेंगे। इतना ही नहीं समाज के व्यक्ति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के अभियान को आगे बढ़ाते हुए इसमें बेटी अपनाओ की मुहिम भी शुरू करें। जिसके तहत अपने बच्चे की शादी के दिन ही किसी जरूरतमंद बच्ची की भी शादी करवाई जाए। उन्होंने कहा कि धर्म,संस्कार और संस्कृति की रक्षा ही महाराज अग्रसेन का संकल्प था। उन्होंने कहा कि समाज सेवा के क्षेत्र में नित नए आयाम स्थापित कर रहा है। समाज का कोई छोटा दुकानदार भी सेवा से पीछे नहीं हटता। इस दौरान मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि अग्र समाज का इतिहास केवल व्यापार और वाणिज्य तक सीमित नहीं है। यह समाज सदियों से भारत की सामाजिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना का वाहक रहा है। त्याग, सेवा, संयम और सदाचार, ये केवल शब्द ही नहीं बल्कि अग्र समाज के जीवन-मूल्य हैं। यह समाज हमेशा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय सहभागी रहा है चाहे शिक्षा हो, चिकित्सा हो, उद्यमिता या सामाजिक सेवा हो, हर क्षेत्र में समाज ने अपने कार्यों से एक नई ऊंचाई प्राप्त की है।

---

## गरीब परिवारों को मिलेंगे 100-100 वर्गगज के प्लाट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

- डीसी ने अधिकारियों की मीटिंग लेकर दिए जरुरी निर्देश


**अंबाला।** मीटिंग के दौरान मौजूद डीसी व अन्य प्रशासनिक अधिकारी।

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना 2.0 के दृष्टिगत संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ जिला स्वीकृति एवं निगरानी समिति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। साथ ही मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना 2.0 के प्रभावी क्रियान्वयन एवं पात्र ग्रामीण परिवारों को इस योजना का शीघ्र लाभ प्रदान करने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त ने मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना 2.0 के तहत योजना की विस्तार से जानकारी हासिल करते हुए समिति सदस्यों द्वारा प्रस्तुत लाभार्थियों की सूची एवं संबंधित क्षेत्र का फील्ड सर्वेक्षण रिपोर्ट की समीक्षा की गई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी प्रक्रिया राज्य सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप पारदर्शिता एवं निष्पक्षता से पूरी की जाए, ताकि वास्तविक पात्र व्यक्ति ही इस योजना का लाभ प्राप्त कर सकें। मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना 2.0 योजना के तहत जिला की विभिन्न ग्राम पंचायतों में ऐसे पात्र लाभार्थियों को 100-100 गज के आवासीय प्लॉट आवंटित किए जाने हैं। यह योजना राज्य सरकार द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को सशक्त बनाने तथा उन्हें सम्मानजनक आवास सुविधा उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से शुरू की गई है। उन्होंने यह भी कहा कि संबंधित विभाग आपसी समन्वय से कार्य करते हुए प्लॉट आवंटन प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करें ताकि ग्रामीण परिवारों को जल्द से जल्द आवासीय सुविधा उपलब्ध करवाई जा सके। उपायुक्त ने यह स्पष्ट किया कि इस कार्य मे किसी भी प्रकार की लापरवाही या देरी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस मौके पर इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. ब्रह्मजीत सिंह, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद गगनदीप सिंह व अन्य संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहें।

---

# नशे के खिलाफ स्कूली छात्रों ने ली शपथ

- कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी बोले समाज की जड़ें खोखली कर रहा है नशा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


**अंबाला।** जागरुकता कार्यक्रम मौजूद स्कूली छात्र।

हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की ओर से नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे जागरुकता अभियान के दौरान शुक्रवार को 93 वां कार्यक्रम आयोजित किया गया किया गया। यह कार्यक्रम द एसडी विद्या स्कूल अंबाला में शिक्षिका वंदना मेहता और परमिंद्र सचदेवा की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा साइकिल के साधन का प्रयोग करते हुए अंबाला में पहुंचे हुए थे। कार्यक्रम में विद्यालय के 803 विद्यार्थियों, 41 शिक्षकों और 10 अन्य कर्मचारियों ने भाग लिया। वर्मा ने नशे के विरुद्ध व्याख्यान देते हुए कहा कि नशा होता अच्छा तो सबसे पहले मां देकर कहती खा ले मेरे बच्चा। उन्होंने आगे कहा कि इसी प्रकार पिता अपनी संतान को कहता ले थोड़ी सी पी ले क्यों करता है चिंता अपनी जिंदगी जी ले। इससे स्पष्ट होता है कि ये मनुष्य के सेवन के लिए नहीं है। उन्होंने नशों की परिभाषा, प्रकार, नशे के आगम और वितरण बारे जागरूक करते हुए कहा कि नशे के कारण घर और परिवार, समाज बहुत अधिक प्रभावित हो रहा है। उन्होंने बताया कि प्रतिबंधित नशे के लिए भारत सरकार द्वारा नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटांस एक्ट बनाया गया है। इस अधिनियम के अनुसार नशे पर अंकुश लगाया जा रहा है लेकिन केवल और केवल पकड़ने से यह कार्य सम्पूर्ण नहीं हो सकता जब तक यह जन जन तक न पहुंचे। सरकार द्वारा दो बार साइक्लाथोन यात्रा निकाल कर भी जागरूकता कार्यक्रम किए गए हैं। उन्होंने बताया कि कोई भी व्यक्ति राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के हेल्पलाइन नंबर 9050891508 पर अथवा 1933 नशे के विरुद्ध गुप्त सूचनाएं देकर सच्चे नागरिक का कर्तव्य निर्वहन कर सकता है।

---

# ऑपरेशन सिंदूर की वीरता को किया गया नमन

## तिरंगा रैली, पोस्टर मेकिंग और रंगोली प्रतियोगिता रही आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

डीएवी पब्लिक स्कूल में भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर में दिखाई गई वीरता को नमन करते हुए शौर्य दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओतप्रोत विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर वीर जवानों को श्रद्धांजलि दी। प्राचार्या सुनीता कपूर के नेतृत्व में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों द्वारा एक तिरंगा शौर्य रैली निकाली गई। दूसरे दिन पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने भारतीय सैनिकों की बहादुरी और ऑपरेशन सिंदूर की वीरता को अपने चित्रों के माध्यम से दर्शाया। आर्ट एंड क्राफ्ट विभाग की प्रभारी संतोष सैनी के निर्देशन में तैयार किए गए पोस्टरों ने न सिर्फ सभी को आकर्षित किया बल्कि कई चित्रों ने भावुक कर दिया। तीसरे दिन विद्यालय प्रांगण में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें कक्षा 6 से 9 तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

---

### देश के जवानों व शहीदों को समर्पित होगा समारोह

# रोहतक के पहरावर में होगा परशुराम राज्य स्तरीय जन्मोत्सव

- मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने संपूर्ण ब्राह्मण समाज से कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सेदारी करने का किया आग्रह, सीएम निभाएंगे मुख्यअतिथि की भूमिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


**अंबाला।** भगवान परशुराम की पूजा अर्चना करते मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा व अन्य।

पर्यटन, सहकारिता, कारागार, निर्वाचन व विरासत मंत्री डा. अरविंद शर्मा ने कहा कि 30 मई को रोहतक स्थित गौड ब्राह्मण विद्या प्रचारिणी संस्था के कैंपस पहरावर में परशुराम राज्य स्तरीय जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम देश के सैनिकों एवं शहीदों को समर्पित होगा। पर्यटन मंत्री शुक्रवार को परशुराम भवन मॉडल टाउन अंबाला शहर में जिला ब्राह्मण सभा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे थे। यहां पहुंचने पर जिला ब्राह्मण सभा के प्रधान व अन्य पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका भव्य अभिनंदन भी किया। इससे पहले कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने भगवान परशुराम मंदिर में माथा टेका और पूजा-अर्चना की। शर्मा ने इस मौके पर कहा कि पहरावर में परशुराम राज्य स्तरीय जन्मोत्सव कार्यक्रम सैनिकों और शहीदों के सम्मान में, भगवान परशुराम की शान में, 36 बिरादरी के कल्याण में, ब्राह्मण है मैदान में समर्पित होगा। उन्होंने कहा कि गौड ब्राह्मण, विद्या प्रचारिणी संस्था बहुत पुरानी संस्था है। सन 1904 में इस संस्था की स्थापना की गई थी। यह संस्था निरंतर ब्राह्मण समाज के हितों के साथ-साथ सर्व समाज के लिए कार्य कर रही है। इस संस्था के निर्माण में अनेक महापुरूषों, स्वंतत्रता सैनानियों व ब्राह्मण समाज के प्रबुद्ध लोगों का अहम योगदान है। उन्होंने संस्था को आगे बढ़ाने के लिए अपने खून-पसीने से सींचा है। उन्होंने कहा कि 30 मई को राज्य स्तरीय कार्यक्रम में पहुंचकर आपको आनंद की अनुभूति होगी और आप भी महसूस करेंगे कि आपको यहां आकर ताकत मिली है। उन्होंने इस मौके पर यह भी कहा कि अंबाला शुरू से ही ब्राह्मणों का गढ़ रहा है। कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने इस मौके पर कहा कि यह कार्यक्रम सामाजिक कार्यक्रम है। 15 एकड़ में इस कार्यक्रम का आयोजन होगा जहां पर सभी सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बडौली करेंगे। कार्यक्रम में प्रदेश के मंत्री, विधायकों के साथ-साथ आस पास के राज्यों के मंत्रीगण भी वशिष्ठ अतिथि के तौर पर शिरकत करेंगे। उन्होने इस अवसर पर यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ऑप्रेशन सिंदूर के तहत हमारे जाबांज सैनिकों ने पाकिस्तान में आतंकवादियों व उनके ठिकानों को मिट्टी में मिलाने का काम किया है।